
# माथापच्ची




क्या तुम अण्डे को
बिना फोड़े बता सकते हो कि
वह उबला है या कच्चा?

**एक दिन**
**सारा ने सोचा कि**
अगर चीज़ों का रंग
कुछ इस तरह बदल जाए
कि बर्फ का रंग हो जाए लाल,
खून का सफेद, घास का काला,
काजल का हरा, आकाश का पीला
तो फिर पके आम का रंग क्या होगा?

*चलो, **4** ऐसी क्रमागत संख्याएँ ढूँढते हैं जिनका जोड़ **94** हो!*

*क्या तुम एक ऐसी संख्या बता सकते हो जो अपने अंकों के जोड़ से **दुगुनी** हो?*



इस खेल को ध्यान से देखो। तुम्हें कम से कम चालों में हरी व नीली गोटियों की जगह को आपस में बदलना है। खाली खाने में किसी भी खाने की गोटी को उठाकर चल सकते हो।

ज़िया और उसके दोस्त खेल रहे हैं। अपनी पर्ची में लिखी संख्या के बारे में ज़िया ने अपने दोस्तों को तीन बातें बताईं –

- संख्या 1 से 36 के बीच में आती है।
- संख्या के अंकों का जोड़ व गुणनफल दोनों, 4 से 8 के बीच की कोई संख्या है।
- संख्या में 2 का भाग नहीं जाता लेकिन 3 का पूरा-पूरा भाग जाता है।

क्या इन बातों के आधार पर तुम बता सकते हो कि ज़िया की पर्ची में कौन-सी संख्या लिखी है?



अगर
तीन दिन पहले
**शुक्रवार** के
पहले वाला
दिन था तो
परसों कौन-सा
दिन होगा?

तराजू में एक तरफ मछलियों से आधा भरा हुआ एक कटोरा रखा है। एक मछली को कटोरे में डालने पर कटोरे का वज़न ठीक उतना बढ़ता है जितना कि उस मछली का वज़न है। यदि उस मछली की पूँछ पकड़कर उसका कुछ ही भाग पानी में डुबोएँ तो क्या कटोरे का वज़न पहले के वज़न से ज़्यादा होगा?

चित्र : दिलीप चिंचालकर